दिन– मंगलवार  दिनांक– 08/07/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।  अवधि – 15 मिनट

---

01. राज्य मंत्रिमंडल ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए डोमिसाइल नीति लागू करने का फैसला किया। अब बिहार की मूल निवासी महिलाओं को ही मिलेगा पैंतीस प्रतिशत आरक्षण का लाभ।

02. उद्योगपति गोपाल खेमका हत्याकांड मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अशोक साव और शूटर उमेश यादव को गिरफ्तार किया। भूमि विवाद में हत्याकांड को दिया गया था अंजाम।

03. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा – त्रुटिहीन मतदाता सूची के निर्माण के लिए बिहार में चल रहा है विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान।

04. और, अगले वर्ष हज यात्रा पर जाने के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू। इकतीस जुलाई तक ऑनलाइन होगा आवेदन।

---

राज्य सरकार ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए डोमिसाइल नीति लागू कर दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि सरकार के इस फैसले के बाद राज्य सरकार की नौकरियों में सिर्फ बिहार की महिलाओं को ही पैंतीस प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। बिहार से बाहर की महिलाएं सामान्य श्रेणी में आयेंगी।

–––बाइट–––

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने युवा आयोग के गठन को मंजूरी प्रदान की है। आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष समेत सात सदस्य होंगे। उन्होंने बताया कि आयोग राज्य के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने, प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाने में मदद करेगा।

–––बाइट–––

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य सरकार ने दिव्यांगजन सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना को भी मंजूरी प्रदान की है। इसके तहत यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को एक लाख रूपये और बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को पचास हजार रूपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

–––बाइट–––

इसके अलावा मंत्रिमंडल ने कम बारिश की स्थिति में कृषि कार्य के लिए डीजल अनुदान योजना के तहत एक सौ करोड़ रूपये की मंजूरी प्रदान की है। मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए चालू वित्तीय वर्ष में मिलेट्स योजना के तहत छियालीस करोड़ पचहत्तर लाख रूपये आवंटित किये गए हैं।

---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार में युवा आयोग के गठन के फैसले का स्वागत किया है। आज नई दिल्ली संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से इस आयोग के गठन की मांग कर रहे थे।

–––बाइट–––

---

राज्य की नारी शक्ति और युवाओं ने सरकारी नौकरी में महिलाओं के लिए डोमिसाइल नीति लागू करने और युवा आयोग के गठन के फैसले का स्वागत किया है।

–––वॉक्सपॉप–––

---

उद्योगपति गोपाल खेमका हत्याकांड मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अशोक साव को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही शूटर उमेश यादव की भी गिरफ्तारी हुई है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि अशोक साव ने भूमि विवाद में गोपाल खेमका की हत्या करवाई थी। उन्होंने बताया कि पटना पुलिस द्वारा तकनीकी अनुसंधान और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी संभव हुई है।

———बाइट———

संवाददाता सम्मेलन में पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने बताया कि लगभग डेढ़ महीने पहले हत्या की साजिश रची गई थी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार शूटर उमेश यादव ने चार लाख रूपये लेकर हत्या को अंजाम दिया था।

———बाइट———

एसएसपी ने बताया कि घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल, दो पिस्टल, दो मैग्जीन और सत्तासी राउंड कारतूस बरामद किये गये हैं। साथ ही दस लाख रूपये से अधिक की राशि और जमीन के कागजात भी जब्त किये गये हैं। इधर, हत्या के लिए हथियार उपलब्ध कराने वाले विकास कुमार नामक युवक को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है। विकास की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पटना के मालसलामी इलाके में पहुंची थी। इसी दौरान विकास ने पुलिस पर गोली चला दी, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में विकास मारा गया।

---

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि त्रुटिहीन मतदाता सूची के निर्माण के लिए बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि त्रुटिहीन मतदाता सूची लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य है। इधर, चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सुचारू रूप से जारी है। अबतक तीन करोड़ सत्तर लाख से अधिक गणना प्रपत्र जमा किये जा चुके हैं। आयोग ने कहा कि गणना प्रपत्र जमा करने का काम अपने निर्धारित समय से पहले पूरा कर लिया जाएगा।

---

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर राजनीतिक दलों के बीच बयानबाजी और तेज हो गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि पुनरीक्षण अभियान एक सामान्य प्रक्रिया है। उन्होंने इस मुद्दे को लेकर विपक्षी दलों पर आम लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

———बाइट———

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर विपक्षी दलों पर राजनीति करने का आरोप लगाया।

———बाइट———

इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शकील अहमद खान ने कहा कि निर्वाचन आयोग के इस फैसले से लोगों को परेशानी हो रही है। कागजात मांगने के नाम पर लोगों को परेशान किया जा रहा है।

———बाइट———

---

हज समिति ने हज, दो हजार छब्बीस के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। हज यात्री आधिकारिक हज पोर्टल या हज सुविधा मोबाइल एप के माध्यम से अपना आवदेन जमा कर सकते हैं। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि ऑनलाइन आवेदन विंडो इकतीस जुलाई तक खुली रहेगी। आवेदक के पास आवेदन की अंतिम तिथि या उससे पहले जारी किया गया भारतीय पासपोर्ट होना अनिवार्य है। पासपोर्ट कम से कम इकतीस दिसंबर दो हजार छब्बीस तक वैध होना चाहिए।

---

पूर्णिया जिले के टेटगामा गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूर्णिया प्रक्षेत्र के आईजी प्रमोद कुमार ने बताया कि इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। तेईस नामजद और एक सौ पचास अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।  उन्होंने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———बाइट———

---

कटिहार में एक धार्मिक जुलूस के दौरान हुई हिंसक झड़प के मामले में चार प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने बताया कि अड़तालीस लोगों को नामजद और लगभग दो सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है। उन्होंने बताया कि शहर में शांति व्यवस्था कायम है।

---

मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के राजासराय गांव के पास जंगली और पहाड़ी इलाकों में नक्सलियों और एसटीएफ के बीच हुई मुठभेड़ में ईनामी नक्सली सुरेश कोड़ा घायल हो गया। हालांकि वह भागने में सफल रहा।

---

उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाले राजेन्द्र सेतु के सड़क मार्ग पर निर्माण कार्य के चलते आज रात दस बजे से कल सुबह छह बजे तक सभी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। सिर्फ एम्बुलेंस और आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहन ही आ–जा सकेंगे। इस संबंध में पटना और बेगूसराय जिला प्रशासन ने आदेश जारी किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. राज्य मंत्रिमंडल ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए डोमिसाइल नीति लागू करने का फैसला किया। अब बिहार की मूल निवासी महिलाओं को ही मिलेगा पैंतीस प्रतिशत आरक्षण का लाभ।

02. उद्योगपति गोपाल खेमका हत्याकांड मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अशोक साव और शूटर उमेश यादव को गिरफ्तार किया। भूमि विवाद में हत्याकांड को दिया गया था अंजाम।

03. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा – त्रुटिहीन मतदाता सूची के निर्माण के लिए बिहार में चल रहा है विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान।

04. और, अगले वर्ष हज यात्रा पर जाने के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू। इकतीस जुलाई तक ऑनलाइन होगा आवेदन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।